**घर पर ही वाहनों की वॉशिंग के लिए संपर्क करें**



सभी प्रकार के फोर व्हीलर वाहनों की दैनिक व मंथली बेसिक पर वाहन मालिक के घर पर ही वॉशिंग के लिए वह डेली वेजेस ड्राइवर के लिए संपर्क करें

मो.- 9529714487

साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**



वर्ष : 4 | अंक : 02 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 17 अगस्त से 23 अगस्त 2023 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

## निष्पक्षता व निर्भीकता के साथ नई बुलंदियों की ओर अग्रसर हो बुलंद गोंदिया - विधायक हिना कावरे

## बुलंद गोंदिया के चतुर्थ वर्ष में पदार्पण पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाओं की बारिश















बुलंद गोंदिया। गोंदिया जिले का हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस व आजादी के पर्व पर अपने 3 वर्ष पूर्ण कर चतुर्थ वर्ष में पदार्पण किया ।इस अवसर पर मध्य प्रदेश के लांजी की विधायक हिना कावरे ने अपने संदेश में बुलंद गोंदिया को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष तथा और निर्भीकता के साथ नई बुलंदियों पर पहुंचे यह शुभकामना दी। इसके साथ ही इस अवसर पर शुभचिंतको ,पाठको वह मित्र परिवारों द्वारा बुलंद गोंदिया कार्यालय में पहुंचकर वह मोबाइल संदेश से शुभकामनाओं की बारिश की। बुलंद गोंदिया के 3 वर्ष पूर्ण होने व चतुर्थ वर्ष में पदार्पण करने के अवसर पर सुश्री हिना लिखीरामजी कावरे विधायक लांजी किरनापुर व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश शासन द्वारा फोन से बुलंद गोंदिया परिवार को अपना संदेश देते हुए कहा कि 3 वर्षों में बुलंद गोंदिया द्वारा निरंतर गोंदिया जिले की विभिन्न समस्याओं वह प्रतिदिन की सभी प्रकार के समाचारो को निष्पक्ष तरीके से अपने अखबार व सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता के लिए उपलब्ध करवा रहे हैं। तथा बुलंद गोंदिया परिवार द्वारा मध्य प्रदेश के बालाघाट में अपना संस्करण शुरू करने के साथ ही बालाघाट जिले की भी समस्याएं व विभिन्न खबरों को अपने समाचार पत्र में उचित स्थान देकर बालाघाट का भी प्रतिनिधित्व करेंगे व सदा निष्पक्षता व निर्भीकता के साथ बुलंद गोंदिया अपनी नई बुलंदियों पर पहुंचे ऐसी शुभकामना दी। उल्लेखनीय की बुलंद गोंदिया का शुभारंभ कोरोना संक्रमण काल के दौरान किया गया था तथा उस दौरान विभिन्न समस्याओं का सामना करने के साथ ही खबरों में निरंतरता बनाए रखते हुए सभी पाठकों तक सभी प्रकार के समाचारों को निष्पक्ष तरीके से जनता तक पहुंचाने का सतत कार्य किया जिसमें गोंदिया जिले के सभी पाठकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बुलंद गोंदिया के 3 वर्ष पूर्ण होने व चतुर्थ वर्ष में पदार्पण करने के अवसर पर व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिन पर शहर के गणमान्य व प्रतिष्ठित नागरिकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई। जिसमें प्रमुख रुप से मध्य प्रदेश बालाघाट जिले के लांजी किरनापुर की विधायक सुश्री हिना कावरे , पूर्व विधायक गोपालदास जी अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेंद्रजी जैन, विधायक विनोद अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज राहंगडाले, युवा नेता राकेश ठाकुर, मध्य प्रदेश बालाघाट बालाघाट जिले के मध्य प्रदेश ब्यूरो चीफ आलोक सेन, गोंदिया रामदेव दरबार के बापजी महेश जी बंग , पत्रकार दिलीप सिंह लिल्हारे, मुकेश मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, भरत घासले ,नरेंद्र सिंधरामें, अनिल मदनकर, संजीव बापट, आकाश वालदे, सुरेश टेभरे,सचिन सेंडे ,राजेश नागौसे, नानू चौधरी ,दीपक अनवानी कैलाश रेडीमेड, दुर्गेश गुप्ता,रोहित तिवारी , प्रमोद तुरकर, अरमान चौबे, दीवान जैन, मेकअप आर्टिस्ट धीरा कपूर ,भूपेंद्र रंगारी तिरोड़ा काचेवानी टैंभूर्णीकरजी काचेवानी, गंगाधर गुड्डू कारडा, अजीत सवालाखे आमगांव,रमेश भोयर ,राहुल सुलोदिया, सुनील मेश्राम ,हेमंत येरने ,धर्मेश( बेबी )अग्रवाल पूर्व सभापति नप गोंदिया, सपन मन्ना, पीयूष पटले ,शारदा अग्रवाल। जयंत अग्रवाल। कमलकिशोर चमन अग्रवाल, हरीकिशन चौधरी। रामू भारद्वाज। राजेंद्र तिवारी। तान्या शर्मा। विभोर अग्रवाल, अखिलेश सेठ,राजन चौबे ,.नरेश जोशी। मुख्याधिकारी व प्रशासक करण चौहान, अमित बिरिया ,रवि चित्रिव, मुकेश हलमारे ,शुभम लिचढ़े, जिला परिषद उपाध्यक्ष इंजीनियर यशवंत गणवीर, संतोष तोमर,योगेश सोरते, आदि ने बुलंद गोंदिया कार्यालय में पहुंचकर वह फोन व व्हाट्सएप पर प्रधान संपादक अभिषेक चौहान, संपादक नवीन अग्रवाल व प्रबंधक संतोष जाधव को शुभकामनाएं प्रेषित कर बुलंद गोंदिया के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जिले में विकास की नई आशाओं और आकांक्षाओं की नींव रख रहे -जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे







बुलंद गोंदिया। राज्य सरकार आम लोगों, किसानों और समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है. हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे समृद्धि राजमार्ग का विस्तार अब नागपुर से गोंदिया तक किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए एसटी यात्रा नि:शुल्क है। महिलाओं को एसटी यात्रा में 50 फीसदी की छूट. नमो शेतकारी महासंमान निधि योजना में राज्य द्वारा प्रति किसान 6 हजार रुपये। किसानों के लिए सिर्फ 1 रुपये में फसल बीमा. राज्य के सभी नागरिकों को 15 अगस्त से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण अस्पताल, महिला अस्पताल, जिला सामान्य अस्पताल, उपजिला अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। राज्य सरकार ने अधिक भूमि को सिंचाई के अंतर्गत लाने और लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए लोक कल्याणकारी निर्णय लिए हैं। कलेक्टर चिन्मय गोतमारे ने इस अवसर पर कहा कि इस अवसर पर राज्य और हमारे जिले में प्रगति और विकास की नई आशाओं और आकांक्षाओं की नींव रखी गई है। गोंदिया के पुलिस मुख्यालय मैदान कारंजा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य ध्वजारोहण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

जिलाधिकारी चिन्मय गौतमारेके हस्ते ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अतिरिक्त जिलाधिकारी प्रकाश पाटिल, निवासी उप जिलाधिकारी स्मिता बेलपात्रे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2022-23 में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन के कारण गोंदिया जिले ने राज्य में प्रथम होने का गौरव हासिल किया है. जिले के 8 तहसीलों में, हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अस्पताल को चालू कर दिया गया है और उक्त अस्पताल में नागरिकों को मुफ्त रेफरल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2023-24 में किसानों को मात्र 1 रुपये के भुगतान पर फसल बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए %व्यापक फसल बीमा योजना% लागू की जा रही है। जिले में अब तक 2 लाख 37 हजार 466 किसानों ने फसल बीमा कराया है। महाराष्ट्र एक रुपये में फसल बीमा प्रदान करने वाला एकमात्र राज्य है।

राज्य में किसानों का 2 लाख रुपये तक का ऋण माफ करने वाली %महात्मा ज्योतिराव फुले शेतकारी ऋण मुक्ति योजना% सफलतापूर्वक लागू की गई है। इस योजना में जिले के 27 हजार 874 किसान पात्र हैं और उनमें से 22 हजार 953 किसानों को इस योजना के तहत 73 करोड़ 45 लाख रुपये का लाभ दिया गया है।

गोंदिया जिला धान उत्पादक जिले के रूप में प्रसिद्ध है। सरकारी आधार मूल्य धान अधिप्राप्ति योजना के तहत खरीफ विपणन मौसम 2022-23 में 116 धान क्रय केंद्रों के माध्यम से 1 लाख 12 हजार 946 किसानों से 39 लाख 98 हजार 611 क्विंटल धान की खरीद की गई थी. इसका बेस प्राइस 815 करोड़ 71 लाख रुपये है. सरकार से 815 करोड़ 71 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं और किसानों को 815 करोड़ 3 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

जनजातीय एकीकृत विकास परियोजना देवरी के अंतर्गत एकलव्य आश्रम विद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस साल 32 छात्रों ने सीईटी परीक्षा पास की है। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश मिला है, जो जिले के लिए गौरव की बात है।

किसानों के लिए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर कृषि स्वावलंबन योजना, बिरसा मुंडा क्रांति योजना और राष्ट्रीय कृषि विकास कार्यक्रम लागू किया जा रहा है और सिंचाई कूपों का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में जिले में अनुसूचित जाति-जनजाति के किसानों के 241 सिंचाई कूप शत-प्रतिशत अनुदान पर पूर्ण किये गये हैं और किसान इस योजना का लाभ उठाकर अपना उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2022-23 में 127 कि.मी. लंबाई का डामरीकरण पूरा हो चुका है और इस पर 61 करोड़ 48 लाख रुपये खर्च हुए हैं। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 87.65 किलोमीटर के 45 कार्य पूर्ण किये गये हैं तथा इस पर 73 करोड़ 88 लाख रूपये की धनराशि व्यय की गयी है।

सामाजिक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए पुलिस ददलोरा विंडो योजना के तहत निर्दुर चूली का वितरण, स्कूल सामग्री का वितरण, स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेले, महिला एवं बाल सुरक्षा और परामर्श, जन जागरूकता मार्गदर्शन शिविर, साइकिल वितरण, कृषि मार्गदर्शन शिविर और अनाज बीज का वितरण वितरण, कृषि पंप वितरण, पुलिस भर्ती पूर्व प्रशिक्षण, नक्सल विरोधी जागरूकता प्रशिक्षण शिविर, वृक्षारोपण और छात्रों के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों की तैयारी जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस गतिविधि से पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद मजबूत हो रहा है.

जिला पर्यटन विकास समिति एवं नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन नागपुर एवं गोंदिया वन मंडल नवाटोला के अंतर्गत संयुक्त वन प्रबंधन समिति नवाटोला के सहयोग से प्राकृतिक पर्यटन स्थल हाजराफॉल के विकास हेतु 26 युवक एवं 22 युवतियों सहित कुल 48 स्थानीय युवाओं एवं प्रशिक्षुओं ने रोजगार मिला. वर्ष 2022-23 में 23 हजार 894 पर्यटक आये हैं और उनसे 24 लाख 63 हजार 260 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

इसके साथ ही जिले में जिला परिषद कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, समाज कल्याण, जनजाति विभाग के माध्यम से आम जनता के हित में निर्णय एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जा रहा है। , लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, कौशल विकास विभाग एवं अन्य सभी विभागों द्वारा किया जा रहा है।

## संपादकिय...

# विकास के पथ पर

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक भाषण दिया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। मणिपुर से लेकर 2024 के चुनाव को लेकर भी उन्होंने बात रखी देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं , वहीं आगे के लक्ष्य भी स्पष्ट किए। यह लालकिले से दिया गया प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी भाषण था। यहां से अगला भाषण किसका होगा, यह 2024 के लोकसभा चुनावों के जरिए देश की जनता तय करने वाली है। लेकिन पीएम मोदी की खासियत कही जाएगी कि पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी इस अनिश्चितता की छाया नहीं पड़ने दी। करीब 90 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कई नई योजनाओं की घोषणा की और पुरानी योजनाओं पर अच्छे ढंग से अमल के कारण होने वाले फायदों का जिक्र किया। विश्वकर्मा योजना, शहरी गरीबों को घर बनाने के लिए आर्थिक मदद और महिलाओं को ड्रोन बनाने की ट्रेनिंग देने की उनकी घोषणा ने खास तौर पर ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री अमूमन देशवासियों को भाइयो और बहनो कहकर संबोधित करते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्हें मेरे प्यारे परिवारजनों का संबोधन दिया। मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि घटनाएं भले पूर्वोत्तर के एक राज्य में हुई हों, उसकी पीड़ा पूरे देश में महसूस की जा रही है। उन्होंने शांति की अपील तो की ही, यह भी आश्वस्त किया कि केंद्र व राज्य सरकारें वहां सामान्य स्थिति बहाल करने के अपने दायित्व को पूरा करने में पूरी ताकत से लगी हुई हैं। भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर मुद्दे से भागने के विपक्ष की आलोचनाओं का उन्होंने जवाब दे दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि देश को विकास की राह पकड़ने के लिए करप्शन, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़ना होगा। उनका इशारा यहां विपक्ष की ओर था। वैसे, इस अहम मौके पर नेता प्रतिपक्ष की खाली कुर्सी अच्छा संकेत नहीं दे रही थी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। इस पर विवाद हुआ, लेकिन बाद में खरगे ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से लालकिले के आयोजन में शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने लालकिले के भाषण में देश से 2047 के लिए तैयार रहने को कहा, जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने तब तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लेने को कहा। यह महत्वपूर्ण लक्ष्य है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और इस दशक के खत्म होने से पहले वह दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। कुछ अनुमानों में कहा गया है कि 2030 तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,000 डॉलर सालाना हो जाएगी। तब भारत मिडल इनकम देश होगा। अगर सही नीतियां अपनाई जाएं और सुधार जारी रखे जाएं तो 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल भी किया जा सकता है। यह लक्ष्य मुश्किल जरूर है, नामुमकिन नहीं।

# सुप्रीम कोर्ट ने टीवी चैनलों को अनुशासित रखने के लिए स्थापित स्व-नियामक तंत्र के अप्रभावी होने पर चिंता जताई

आए दिन किसी खास समाचार की प्रस्तुति को लेकर कुछ टीवी चैनल इस स्तर तक आक्रामक दिखते हैं कि लोग मुद्दे के वास्तविक संदर्भ से भ्रमित हो जाते हैं।

पिछले कुछ समय से टीवी चैनलों पर किसी मुद्दे पर बहस के कार्यक्रम की प्रस्तुति के तौर-तरीके को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे आरोप भी सामने आए कि किसी खास मुद्दे पर बहस के नाम पर लोगों के बीच उत्तेजना फैलाने की कोशिश की गई और बहसों को इस तरह प्रस्तुत किया गया, जिससे भ्रम फैला।

ऐसा कई बार सिर्फ ज्यादा दर्शकों को अपनी ओर खींच कर कमाई और मुनाफा बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। कुछ समय बाद संबंधित कार्यक्रम से जुड़े वास्तविक तथ्य सामने आ भी जाते हैं, तो टीवी चैनल इसकी बहुत फिक्र नहीं करते। दरअसल, स्व-नियामक तंत्र होने के तमाम दावों के बावजूद अव्वल तो ऐसे कार्यक्रमों के प्रभाव की अक्सर अनदेखी कर दी जाती है, फिर अगर कभी इन्हें कठघरे में खड़ा किया भी जाता है तो इसमें अधिकतम जुर्माना एक लाख रुपए ही है,



जो कमाई के अनुपात में काफी कम है।

गौरतलब है कि एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को टीवी चैनलों के कामकाज को अनुशासित रखने के लिए स्थापित स्व-नियामक तंत्र के अप्रभावी होने को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। अदालत ने साफतौर पर कहा कि सन 2008 में ही तय नियमों के तहत अब भी महज एक लाख रुपए का जुर्माना नाकाफी है और जुर्माने का आनुपातिक संबंध चैनल के विवादित कार्यक्रम से होने वाली कमाई से होना चाहिए। शीर्ष अदालत की ओर से भारी जुर्माने की वकालत दरअसल इस हकीकत से जुड़ी हुई है कि टीवी चैनल किसी समाचार या घटना को प्रस्तुत करते हुए कई बार नाहक ही विवाद या सनसनीखेज शक्ल देकर पेश करने से नहीं हिचकते। शायद उन्हें यह पता होता है कि अगर वे इसके लिए कठघरे में खड़े हुए भी तो जुर्माने की निर्धारित अधिकतम राशि उनके लिए बहुत कम है।

कुछ साल पहले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की खबरों की प्रस्तुति के दौरान टीवी चैनलों पर उन्माद पैदा करने तक के आरोप लगे थे। उसके बाद बंबई हाईकोर्ट ने टीवी चैनलों के स्व-नियमन को नाकाफी बताते हुए इसे सख्त बनाने की बात कही थी। सही है कि मीडिया के अन्य माध्यमों की तरह टीवी चैनल भी समाचारों को जनता तक पहुंचाने का एक अहम जरिया होते हैं, इसलिए संभव है कि उनके खिलाफ सख्ती की कवायद को अभिव्यक्ति को भी बाधित करने की कोशिश के तौर पर देखा जाए। लेकिन इसके महत्त्व को कायम रखने की जवाबदेही खुद टीवी चैनलों पर भी है।

सवाल है कि टीवी चैनलों की वह हद क्या हो, ताकि पत्रकारिता की गरिमा बची रहे और आम लोगों का विवेक और ज्ञान भी समृद्ध हो, उसके आधार पर वे किसी सही निष्कर्ष तक पहुंच सकें। कायदे से स्व-नियमन के जरिए टीवी चैनलों को खुद ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी निष्पक्षता कठघरे में न खड़ी हो।

मगर यह छिपा नहीं है कि आए दिन किसी खास समाचार की प्रस्तुति को लेकर कुछ टीवी चैनल इस स्तर तक आक्रामक दिखते हैं कि लोग मुद्दे के वास्तविक संदर्भ से दूर होकर भ्रमित हो जाते हैं। इस रुख का प्रभाव कई बार संवेदनशील स्थितियां पैदा कर देता है। हालांकि कुछ टीवी चैनलों की इस प्रकृति पर लगाम लगाने को लेकर स्व-नियामक तंत्र के साथ-साथ ठोस पहल के लिए आवाजें उठती रही हैं।

लेकिन इस दिशा में अब तक हुए प्रयासों के नतीजे आधे-अधूरे ही रहे हैं। इसलिए शीर्ष अदालत की इस राय की वजहें समझी जा सकती हैं कि जब तक नियमों को कड़ाई से लागू नहीं किया जाएगा, तब तक टीवी चैनलों के लिए उन पर अमल करने की बाध्यता नहीं रहेगी!

## जल्द ही दपूमरे के 53 रेलवे स्टेशनों पर खान-पान के 59 स्टॉल होंगे शुरू

### 13 स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के लिए स्टॉल उपलब्ध

**गोदिया**-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में कुल 59 खान-पान स्टॉल के ठेकों के अनुबंध के लिए ई-नीलामी के माध्यम से जल्द बोली शुरू की जा रही है। इसके तहत इतवारी- गोंदिया खंड के 12, गोंदिया-दुर्ग खंड के 6, गोंदिया- चांदाफोर्ट खंड के 3, इतवारी- छिंदवाड़ा खंड के 11, छिंदवाड़ा-नैनपुर खंड के 7, गोंदिया-नैनपुर खंड के 7 तथा नैनपुर-जबलपुर खंड के 7 इस तरह कुल मिलाकर 53 छोटे-बड़े स्टेशनों में विविध प्रकार के स्टॉल जैसे मल्टिपर्पज स्टॉल, फ्रूट ज्यूस स्टॉल, मिल्क स्टॉल तथा टी स्टॉल के लिए ई-नीलामी जल्द शुरू होगी। गौरतलब है कि दपूमरे के नागपुर



मंडल के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रथम चरण में कुल 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा इस योजना के तहत स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और छोटे तथा मध्यम वर्ग के उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमीयों की आय में भी वृद्धि होगी।

## पैसे न चुकाने पर महिला पर दुष्कर्म

### तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**गोंदिया**-गोंदिया तहसील के सातोना में कर्ज न चुका पाने पर एक 42 वर्षीय महिला के साथ तीन आरोपियों ने दुष्कर्म किया. इस संबंध में रावणवाड़ी पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है.सितंबर 2021 में गांव की 42 वर्षीय पीड़ित महिला ने अपने बच्चे के इलाज के लिए आरोपी से पैसे उधार लिए थे. वह उस पैसे को चुका नहीं पाई. इसके बदले में सतोना निवासी आरोपी देवेंद्र उर्फ बंडू मानकर (50) और राजू मानकर (48) सितंबर 2012 से मार्च 2023 तक उसपर दुष्कर्म करते रहे. अगर वह इससे बचने की कोशिश करती तो आरोपी उसे



फेन पर धमकी देता था. 9 अगस्त की रात 8.11 बजे वह उसे खेत में गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया. सतोना निवासी आरोपी अशोक मरठे (50) जो हमेशा ये सब देखता रहता है. उसने भी उसे फोन किया और शारीरिक सुख की मांग की. पीड़िता की शिकायत के आधार पर रावणवाड़ी पुलिस ने तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (ड), 376 (2), (एन), 354 (ए), 450, 506 के तहत मामला दर्ज किया है. तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. जांच सहायक पुलिस निरीक्षक अभिजीत भुजबल कर रहे हैं.

## सर्वसमाज विचार मंच ने वरिष्ठ विचारक हरि नरके को दी श्रद्धांजलि



**बुलंद गोंदिया**-वरिष्ठ विचारक, साहित्यकार हरि नरके का हाल ही में निधन हो गया। उनके निधन पर समाज के सभी क्षेत्रों में शोक व्यक्त किया जा रहा है। गोंदिया जिले की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए सर्वसमाज विचार मंच द्वारा स्थानीय सुभाष गार्डन, वरिष्ठ नागरिक आनंद कुटीर में उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. नीता खांडेकर, सर्वसमाज विचार मंच के अध्यक्ष डा. दिशा गेडाम, ज्येष्ठ नागरिक सेवा संघ के अध्यक्ष नारायण प्रसाद जमाईवार, साहित्यकार वसंत गवली, ओबीसी सेवा संघ के सी. पी. बिसेन, साहित्यकार महेंद्र सोनवणे, ओबीसी संघर्ष कृति समिति के कैलाश भेलावे, भोजराज ठाकरे, डी.जे. खांडेकर, जीवनलाल शरणागत, डी.आई. खोबरागड़े, चंद्रभान तरोणे, धनवंतराव शिवणकर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लेखक, सकल समाज बंधु उपस्थित थे। प्रारंभ में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से हरि नरके के चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन चरित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अतिथियों ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि फुले, शाहू, आंबेडकरी साहित्य विचारो को प्रकाशित करने में हरि नरके इनका बहुमूल्य योगदान था। वे एक मराठी लेखक, विद्वान शोधकर्ता, वक्ता और मराठी ब्लॉगर के रूप में जाने जाते हैं। हरि नरके एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने तार्किक लेखन तथा वक्तव्य के माध्यम से मराठी भाषा के सम्मान को बरकरार रखा। वे विषमतावादी व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वाले समता आंदोलन के नेता थे। हरी नरके नई पीढ़ी के आदर्श थे। उनके असामयिक निधन से बहुजन समाज की क्षति हुयी है।

## उपअधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय आमगांव में भू-माफिया बने भू-अभिलेख अधिकारी


### कर्मचारियों द्वारा मेरी जमीन की गिनती करने से इंकार-जमीन मालिक का आरोप

**आमगांव**-उपअधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय आमगांव अनियमित चल रहा है। पता चला कि मेरी जमीन का क्षेत्र कम कर नक्शे में हेराफेरी की जा रही है ,जमीन की मापी के लिए महीनों तक इधर-उधर भटकने के बाद भी अधिकारी अभिलेख लेने और जमीन की मापी की शुल्क अदा कर देने के बावजुद जमीन गिनती नही कर रहे है। विभाग मुझे न्याय नही दे रहा है। अब कोर्ट जाने के अलावा मुझे कोई रास्ता दिख नही रहा है, यह जानकारी जमीन मालिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उठाया है। जमीन मालिक का नाम राजकुमार मारोती कावले है और उन्होंने शिव मंदिर क्षेत्र में एक पत्र समेलन में भूमि अभिलेख कार्यालय के खराब प्रबंधन की कड़ी आलोचना की है। आयोजित पत्र समेलन में उन्होंने कहा कि उनके पुराने सातबारा वर्ष १९८३-८४ के अनुसार समूह क्रमांक 667/1 का रकबा 0.29 है। आर रेट किया गया। 2017 में जब भूमि सर्वेक्षण अधिकारी ने मेरी उपस्थिति में उक्त समूह की मापी की तो भूमि 0.29 के बराबर



थी। आर दिखाने मेंआया था इसके बाद मुझे 10 जून 2021 को आखीव पत्रिका जारी किया गया, जिसका क्षेत्रफ्ल केवल 146.50 वर्ग दिखाया गया है। यदि मेरी पुरानी सातबारा और अखीवा पत्रिका में क्षेत्रफ्ल 0.29 है। यदि हां, तो मेरी भूमि का क्षेत्रफल 146.50 वर्ग मीटर है, मीटर कैसा था? इसके लिए भू-अभिलेख कार्यालय के कई बार चक्कर लगाने पर अधिकारी गोलमोल जवाब दे रहे हैं। मुझे भूमि क्षेत्र (रिकॉर्ड) को सही करने के लिए भूमि को मापने की आवश्यकता है, भूमि को मापने के बाद मुझे कप्रतिलिपि मिलेगी ,यद्यपि मैं अपने समूह के लिए सर्वेक्षण शुल्क का भुगतान करने को तैयार हूं, मैं लगातार छह महीने से भूमि रिकॉर्ड कार्यालय का दौरा कर रहा हूं और भूमि रिकॉर्ड कार्यालय में अधिकारी भूमि सर्वेक्षण शुल्क का भुगतान करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, मुझे लगता है कि वे हैं जिन्होंने जमीन का घोटाला किया है और बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी अधिकारी अक्षमता दिखा रहे हैं। राजकुमार कावले ने आगे कहा कि मैंनेउपसंचालक भू-अभिलेख नागपुर और जिला अधीक्षक भू-अभिलेख गोंदिया से भूमि सर्वेक्षण के लिए उचित अनुमति देने का अनुरोध किया है। यह बात आयोजित पत्र समेलन में कही गयी है।

## जंगली सब्जी महोत्सव को मिला अच्छा प्रतिसाद



**गोरेगांव** -स्थानीय कृषि तंत्रज्ञान व्यवस्थापन विभाग (आत्मा) व कृषि विभाग तहसील कृषि अधिकारी कार्यालय गोरेगांव की ओर से विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर पंचायत समिति सभागृह में जंगली सब्जी महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने किया। इस अवसर पर पंस उपसभापति राजकुमार यादव, जिप सदस्य डा. लक्ष्मण भगत, पूर्व सभापति चित्रकला चौधरी, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी हिंदुराव चव्हाण प्रकल्प संचालक अजित आडसुले, तहसील कृषि अधिकारी सुलक्षणा पाटोले व कर्मचारी उपस्थित थे। इस महोत्सव में करटोली, आघाड़ा, पाथरी, अंबाडी, खापरखुटी, मशरूम, सूरतकंद इस तरह कुल 30 प्रकार की जंगली सब्जियों का स्टॉल लगाया गया था। उपस्थित अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर जंगली सब्जियों की खरीदी की। इस संदर्भ में पाटोले ने जानकारी में बताया कि तीन वर्षों से जंगली सब्जी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचकर सब्जियों खरीदी करते हैं।

## रोजगार मेले में 27 युवाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र



**सड़क अर्जुनी**-पुलिस विभाग की दादालोरा विंडो योजना के तहत डुग्गीपार पुलिस थाने में जिला पुलिस बल और बीएसए कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पुणे) के समन्वय से आयोजित रोजगार मेले से 27 युवाओं का चयन किया गया और उन्हें नियुक्ति पत्र दिए गए. आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएट और अनुभवी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक बनकर के मार्गदर्शन में पुणे की 8 प्रतिष्ठित कंपनियों के विभिन्न 550 पदों की भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया. रोजगार मेले में डुग्गीपार थाना क्षेत्र के 140 से 160 युवक-युवतियों ने भाग लिया 27 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया गया. 14 लड़के लड़कियों को शॉर्टलिस्ट किया. नियुक्ति पत्र दिया जाएगा. पुलिस इंस्पेक्टर रेवबंद सिंगनजुड़े ने मेले में हिस्सा लिया.

## गंदे जल के निस्तारण के लिए प्रशासन को पत्र देने के बावजूद नगर परिषद की अनदेखी

आमगांव- आमगांव तालुका के इंद्रप्रस्थ नगर के रमेश कावले ने पिछले साल से पानी के निकाशी के लिए नगर परिषद प्रशासन को पत्र लिखा और बार-बार निर्देशों के बावजूद, नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही के कारण गंदे पानी की निकाशी नही होने के कारण बगल की दीवार से रिसने पर घर के अंदर रिसाव होने से काफी नुकसान हो गया लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस और कोई कार्रवाई करते नजर नही आ रहे है। अन्य बिल्डिंग से उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है। नगर परिषद की टाइम ऑफ नीति के कारण उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ बरसात के मौसम में ही नहीं बल्कि पूरे साल परेशानी झेलनी पड़ती है। इंद्रप्रस्थ निवासी रमेश कावले ने आज एक पत्र समेलन आयोजित कर अपना दुख व्यक्त करतेहुए कहा कि मेरा घर इंद्रप्रस्थ नगर के अंतिम छोर पर है और उसके बगल में सिद्धार्थ नगर की बिल्डिंग खड़ी है. दोनों इमारतों में सीपेज के लिए जगह छोड़ी गई है और पिछले साल से सीपेज का नीपटारा नहीं होने से जमा हुआ सीपेज जमीन में और दीवारों के माध्यम से रिस रहा है, जिससे स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो रहा है। इस प्रयोजन हेतु 25 जून 2022 को नगर परिषद इसकी शिकायत प्रशासन से की गई। और जब समयसमय पर जाकर पूछा





गया तो गोलमोल जवाब दिये गये। इस बरसात के मौसम में पानी ज्यादा जमा होने से घर में नमी आ गई है और दीवार खराब हो गई है. इसके लिए ३१ जुलाई २०२३ को पुन:नगर परिषद प्रशासन को गंदे पानी के निस्तारण के लिए पत्र दिया गया था, लेकिन नगर परिषद प्रशासन किसी भी तरह का संज्ञान लेने से बच रहा है. नगर परिषद की इस लापरवाही से हमारे स्वास्थ्य को खतरा हो रहा है। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में रमेश कावले ने दी।

# दिव्यांग कल्याण विभाग आपके द्वार अभियान का लाभ उठायें -जिलाधिकारी चिन्मय गौतमारे



**बुलंद गोंदिया।** 17 अगस्त को डॉ. गोंदिया के मरारटोली स्थित बाबा साहब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है. इस शिविर में दिव्यांग भाइयों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जायेगा. कार्यक्रम में दिव्यांग कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र पंजीकरण सहित विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर चिन्मय गोतमारे ने जिले के अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है. शिविर इस अभियान के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक विधायक ओमप्रकाश उर्फ बच्चू कडू की उपस्थिति में होंगा। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, सरकारी मेडिकल कॉलेज के डिन डॉ. कुसुमाकर घोरपड़े, जिला सर्जन अमरीश मोहबे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेश भंडारकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय गणवीर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिन वानखेड़े एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।17 अगस्त को जिला स्तरीय शिविर का आयोजन डॉ. यह बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन, मरारटोली, गोंदिया में आयोजित किया गया था। इस एक दिवसीय शिविर में विधायक ओमप्रकाश उर्फ बच्चू कडू उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा सुबह 11 बजे इस अभियान का शुभारंभकरंगे।

दिव्यांगजन के विकास के लिए %शासन आपले दारी% की तर्ज पर %विकलांग कल्याण विभाग दिव्यांगचे दारी% अभियान शुरू किया गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अन्य विभाग भी पहल करें। इस अवसर पर लाभार्थियों ने योजनाओं के आवेदन पत्र भरे। जिलाधिकारी ने उन्हें योजनाओं की समुचित जानकारी देने के निर्देश दिये। व सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को बिल्कुल भी असुविधा न हो इस अभियान में प्रत्येक विभाग को स्टॉल उपलब्ध कराये गये हैं. इसमें विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार किया जायेगा तथा पात्र दिव्यांग लाभार्थियों के आवेदन-पत्र वहीं भरवाये जायेंगे। इसके लिए शिविर में आने वाले दिव्यांग लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेज जैसे दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी प्रमाण पत्र), आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र / विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र), पासपोर्ट फोटो 03, आय प्रमाण पत्र आदि लाना होगा। जिलाधिकारी ने अपील की कि शिविर का लाभ।

# सौंदड़ गांव में सरपंच मोदी की अध्यक्षता में अनूठे अंदाज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## स्वतंत्रता सेनानियों एवं सफाई कर्मियों एवं ग्राम पंचायत कर्मचारियों को किया सम्मानित



**प्रतिनिधि/सड़क अर्जुनी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सौंदड़ कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें सफाई कर्मचारियों, ग्राम पंचायत कर्मचारियों, एवं स्वतंत्र सैनिकों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।आमतौर पर ध्वजारोहण के लिए गांव के खास लोगों को ही आमंत्रित किया जाता है, लेकिन सौंदड़ गांव में ग्राम पंचायत के माध्यम से सभी नागरिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर एक अनूठी पहल अमल में लाई गई।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच हर्ष मोदी ने कहा कि जब तक देश को वास्तविक आजादी और ग्राम विकास नहीं मिलेगा तब तक देश को वास्तविक अर्थों में विचार की आजादी, जातिवाद, गुलामी से मुक्ति मिलेगी। 15 अगस्त के अवसर पर आज शपथ लें कि हम आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे के साथ काम करेंगे और सौंदड़ गांव के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मंच से सरपंच हर्ष मोदी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शांति में ही स्वतंत्रता है।

बाल सभा के बाद वार्ड बैठकों का आयोजन किया गया है, 16 अगस्त से 20 अगस्त तक नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उन्हें मुख्य ग्राम सभा में प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक वार्ड में अलग-अलग बैठकें आयोजित की गई हैं। इसके साथ ही महिलाओं की समस्याओं को लेकर 21 अगस्त को महिला ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया है तथा 21 अगस्त को दोपहर में गांव के एससी, एसटी, एनटी, वीजीएनटी सदस्यों के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया है. इन सभी बैठकों से उठने वाले मुद्दों को आगामी ग्राम सभा में रखा जाएगा। सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी ने नागरिकों से इन सभी बैठकों में भाग लेने और अपनी समस्याएं ग्राम पंचायत को बताने की अपील की है. साथ ही सभी नागरिकों से समय पर टैक्स जमा कर प्रशासन को सहयोग करने का अनुरोध किया गया है.

सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी सहित उपसरपंच भाऊराव यावलकर, ग्राम विकास अधिकारी जे. एस नागलवाडे, पंचायत समिति सदस्य वर्षा सहारे, ग्राम पंचायत सदस्य प्रमिला निर्वाण, कुंदा साखरे, शुभम जनबंधु, रंजना भोई, खुशाल ब्राह्मणकर, अर्चना चन्ने, विजय चोपड़, योगेश्वरी निर्वाण, अर्चना डोंगरवार, रेखा राऊत, तंटामुक्ति अध्यक्ष चरणदास शहरे, व्यापार समिति अध्यक्ष संदीप मोदी, मंगेश मोदी, प्रेस प्रतिनिधि बब्लू मारवाडे वरिष्ठ नागरिक आनंदराव घाटबंधे, पुरूषोत्तम निंबेकर, केडी राहिले, तुलाराम चांदेवार, अंजू इरले, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मंजू डोंगरवार, ज्ञानीराम किरनापुरे, पवन चुटे, रोशनी सारंगपुरे, संगीता राऊत, ओंकार टेम्भुरने, उषा राऊत , शिवा शिरसागर, हिमांशू राऊत, दामोदर नेवारे, कम्मू चुर्रे, शशिकांत काले, दिनेश भेंडरकर, सुनील डोये, आशीष राऊत, राजू वैश्य, सेवानिवृत्त सैनिक, स्वच्छता कार्यकर्ता, छात्र, शिक्षक, ग्राम पंचायत कार्यकर्ता, आशा सेविका, आंगनवाड़ी सेविका आनी एक बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# स्व. संकेत फुके के स्मरणार्थ देवरी में मरीजों के सेवार्थ एम्बुलेंस समर्पित

**बुलंद गोंदिया** देवरी। जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके के छोटे भाई स्व. संकेत रमेश फुके के प्रथम पुण्य स्मरणार्थ 13 अगस्त को देवरी में मरीजों की आपात सेवा हेतु नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया।

एम्बुलेंस सेवा, हाइवे ग्रुप देवरी के माध्यम से नगर पंचायत देवरी के सुपुर्द की गई। नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ रमेश फुके, सौ. रमाताई फुके एवं फुके परिवार के शुभ हस्ते नगर पंचायत कार्यालय देवरी में किया गया।



कार्यक्रम के दौरान पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके, भाजपा जिल्हा संघटन मंत्री वीरेंद्र (बाळा) अंजनकर, पूर्व नगरसेविका सौ. परिणीता फुके, प्रियाताई संकेत फुके, पूर्व विधायक संजय पुराम, नपं अध्यक्ष देवरी संजू उईके, जिप सभापति सौ. सविताताई पुराम, नपं उपाध्यक्ष देवरी सौ. प्रज्ञाताई प्रमोद संगीडवार, अनिल येरणे, नपं मुख्याधिकारी प्रणय तांबे, हाइवे ग्रुप के विजय गहाने, एमपीएससी सभापति प्रमोद संगिडवार, यादोराव पंचमवार, झामसिंग येरणे, महेश जैन, सभी नगर पंचायत के सभापति, नगरसेवक, माजी नगरसेवक व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म अन्न प्रयास योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला



**बुलंद गोंदिया।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म अन्न प्रचार योजना के अंतर्गत 14 अगस्त को महिला आर्थिक विकास निगम कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी हिंदूराव चव्हाण की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला नोडल अधिकारी (पीएमएफएमई) एवं उप कृषि निदेशक धनराज तुमदाम, कृषि अधिकारी पवन मेश्राम, सचिन कुंभार (जिला वित्तीय सलाहकार स्मार्ट), भौदीप सहारे (जिला रिसोर्स पर्सन), पुस्ताकला खैरे (जिला रिसोर्स पर्सन) आदि ने किया। सभी), मंडल कृषि अधिकारी (सभी), कृषि पर्यवेक्षक (सभी), जिला साधन व्यक्ति (सभी), कृषि सेवक गोंदिया, एफएलओ एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे। आरंभ में जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी हिंदूराव चव्हाण ने उक्त कार्यशाला का परिचय दिया. इस कार्यशाला के प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना हेतु विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों को उक्त कार्यशाला में मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया गया था। इसके बाद जिला नोडल अधिकारी धनराज तुमदाम ने योजना के विभिन्न घटकों, व्यक्तिगत और समूह लाभार्थियों, सामान्य बुनियादी ढांचे, विपणन और ब्रांडिंग के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिन लाभुकों के प्रोजेक्ट प्लान बैंक स्तर पर लंबित हैं, उनके प्रोजेक्ट प्लान का संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके बाद जिला रिसोर्स पर्सन पुष्पा खैरे ने समूह के लिए आवेदन कैसे करें और किए गए आवेदन की जानकारी और उनके द्वारा किए गए प्रोजेक्ट के रजिस्ट्रेशन से लेकर मुंबई, दिल्ली, जिले में सीधे बाजार हासिल करने तक की सफलता की कहानी के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। रिसोर्स पर्सन भूदीप सहारे ने कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर सीआईएफ विषय पर विस्तृत प्रोजेक्ट के लिए आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य जानकारी दी गई। इसके बाद सचिन कुंभार (जिला वित्तीय सलाहकार स्मार्ट) ने पूरे एआईएफ विषय पर मार्गदर्शन किया।

उक्त जिला स्तरीय कार्यशाला में गोंदिया जिले के योजना का लाभ लेने के इच्छुक लाभार्थी, महिला किसान, बैंक में लंबित प्रस्ताव वाले लाभार्थी, महिला आर्थिक विकास निगम के समूह की महिला किसान, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। कृषि विभाग के, सभी तालुका कृषि अधिकारी, सभी मंडल कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, कृषि सहायक, तकनीकी सहायक, पुरुष और महिला किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कृषि सेवक लक्ष्मी डहाके ने कार्यक्रम के समन्वय के लिए प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने देश के दसको पुराने विवादित मुद्दों का समाधान कर राष्ट्र को दिलाई सही अर्थों में आजादी- पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

## » स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्थानों पर किया ध्वजारोहण



**बुलंद गोंदिया।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस वर्षगांठ के शुभ अवसर पर गोंदिया शहर में विभिन्न स्थानों पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते ध्वजारोहण किया गया। जिसमें कटंगी सुभाष चौक, मरारटोली टी पॉइंट, जय स्तंभ चौक,मारवाड़ी स्कूल, राजस्थान कन्या विद्यालय, फूलचूल नाका चौक, साकेत पब्लिक स्कूल, छोटा गोरी नगर, श्रीराम चौक सर्कस ग्राउंड, मदीना मस्जिद गौतम नगर ,बसंत नगर गड्डाटोली, रामनगर बाजार चौक,में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि भारत केवल एक देश या एक जमीन का टुकड़ा भर नहीं है। हिंदुस्तानियों ने इसे मां का दर्जा दिया है भारत मां की रक्षा और हर भारतीय का आर्थिक सामाजिक विकास हम सभी की प्राथमिकता है। आज केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की भाजपा सरकार के नेतृत्व में अनेक क्रांतिकारी विकास कार्य शुरू है जिससे देश विकास और प्रगति की ओर अग्रसर है। देश को एक अखंड राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए वर्षों सेप्रलंबित धारा 370 को संविधान से रद्द कर सरकार ने कश्मीर को देश के अन्य राज्यों के समान दर्जा देकर भारत को एक अखंड राज्य के रूप में प्रस्तावित कर दिया है। वहीं सदियों से विवादित अयोध्या राम मंदिर के विषय को हल कर देश को सामाजिक स्तर पर एक करने के लिए और कदम बढ़ा दिया इन कार्यों से समाज के विवादित मुद्दों का सरकार स्थाई हल निकल रही है जिससे राष्ट्र सकारात्मक बदलाव के साथ विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज देश की सैन्य शक्ति के आगे चीन और पाकिस्तान दोनों नत मस्तक है ऐसा नहीं होता तो देश की वायु सेवा का पायलट अभिनंदन पाकिस्तान से शायद कभी वापस नहीं आता यह देश की सेवा और सरकार के ताकत का परिणाम है। भारत की इस ताकत को हम सब ने मिलकर बहुत आगे ले जाना है साथ ही उन्होंने आगे कहा कि विकास की इस रफ्तार में गोंदिया विधानसभा क्षेत्र को भी आगे रखने का हर संभव प्रयत्न हमने किया है। इस अवसर पर भाजपा के इस अवसर पर भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाता सूची व फोटो सहित संक्षिप्त पुनरिक्षण कार्यक्रम

**बुलंद गोंदिया।** 65-गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक की अवधि में उक्त कार्यक्रम के तहत 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का फोटोयुक्त सत्यापन कार्यक्रम चल रहा है। मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मतदाताओं के प्रपत्र-6 आवेदनों की स्वीकृति, स्थायी पलायन, मृत्यु, दोहरा पंजीकरण वाले मतदाताओं के नाम हटाने हेतु प्रपत्र-7 भरने की स्वीकृति। जिन मतदाताओं के नाम या अन्य पाठ में त्रुटि है, उनके नाम या अन्य पाठ में सुधार के लिए प्रपत्र-8 के साथ-साथ सहायक कार्य करने की कार्यवाही चल रही है और मतदाता सूची का समेकित स्वरूप 17 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही 17 अक्टूबर 2023 से 30 नवंबर 2023 तक दावे और आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी और 26 दिसंबर 2023 तक प्राप्त दावे और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा. उक्त कार्यक्रम के तहत 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। तदनुसार, जो व्यक्ति 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, उन्हें अपना फॉर्म -6 आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ मतदान केंद्र में कार्यरत मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) या तहसील कार्यालय गोंदिया में चुनाव शाखा में जमा करना चाहिए।साथ ही जो मतदाता मृत/स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गये हैं उनके नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए उनके प्रपत्र-7, जिनका नाम, फोटो एवं अन्य विवरण सही किया जाना है, जिन मतदाताओं का नाम एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र में स्थानांतरित हो गया है। 65-गोंदिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जो मतदाता राज्य (महाराष्ट्र) में एक विधानसभा क्षेत्र से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरित होना चाहते हैं या अपना नाम स्थानांतरित करना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म -8 आवेदन पत्र संबंधित मतदान केंद्र स्तर अधिकारी (बीएलओ) या चुनाव शाखा में जमा करना चाहिए। 30 नवंबर 2023 तक तहसील कार्यालय गोंदिया में। इसकी जानकारी मतदाता पंजीकरण अधिकारी एवं उपविभागीय अधिकारी, गोंदिया ने दी है।

# किरनापुर पुलिस थाने में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बुलंद बालाघाट।** बालाघाट जिले के किरनापुर तहसील के पुलिस थाने में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का पर्व मना कर ध्वजारोहण थाना प्रभारी शिव पूजन मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस थाने के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते शहर में विविध स्थानो पर ध्वजारोहण




**बुलंद गोंदिया।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते गोंदिया शहर में विविध स्थानो पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ । जिसमे जिला मध्यवर्ती सह.बैंक मुख्यालय, शितला माता चौक सिविल लाईन्स, सावराटोली सुरज चौक. दसखोली बजाज वॉर्ड चौक. बजरंग नगर, गौरी नगर. श्रीमती आनंदीदेवी गोपीलाल अग्रवाल प्राथमिक शाला फुलचुर, रेल्वे वार्ड (काली मंदिर के पास), जमनालालजी बजाज प्रतिमा चौक, झेंडा चौक, न्यु लक्ष्मी नगर. फनीन्द्रनाथ चौक, एन.एम.डी. कॉलेज के सामने, टी.बी.टोली पेट्रोल पम्प के पास, राष्ट्रवादी कॉंग्रेस भवन, रेलटोली में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने स्वतंत्रता दिवस पर समस्त नागरिको को बधाई दी व प्रगती एवं उन्नती की ओर देश अग्रसर रहे यह कामना की द्य सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व मे शहर के विकास के लिये सदैव कटिबद्ध रहेंगे ऐसा प्रतिपादन राजेंद्र जैन अपने संबोधन में कहा इस अवसर पर राजेंद्रजैन, देवेंद्रनाथ चौबे, अशोक सहारे, मनोहर वालदे , सतीश देशमुख, विनीत सहारे, सचिन शेंडे, रफिक खान, केतन तुरकर, विशाल शेंडे, रविकांत बोपचे, माधुरी नासरे, प्रिया हरिणखेडे, कुंदा दोनोडे, शिव शर्मा, दिनेश अग्रवाल, अखिलेश सेठ, राजकुमार जैन, नैना समुन्द्रे, कृष्णाबाई समुन्द्रे, सरोज दीप, पूनम साखरे, आशा कोल्ते, मीरा नेवारे, सवित्रि मेश्राम सहित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे गणमान्य नागरीक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री मारवाड़ी महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसाइटी में स्वतंत्रता दिवस पर विविध कार्यक्रमो का आयोजन





**बुलंद गोंदिया** ।श्री मारवाड़ी मारवाड़ी स्कूल सोसाइटी द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा सीतारामअग्रवाल (महालक्ष्मी) की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर विद्यालयों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का सत्कार भी किया गया,जिसमें स्व.श्री राधेश्याम गोपीलाल अग्रवाल (महालक्ष्मी) की स्मृति में कु. कशिश संतोष मेश्राम को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। स्व. राधेश्याम मोतीलाल खंडेलवाल की स्मृति में दुर्गेश अशोक शरणागत को मेडल व प्रशस्ति पत्र, स्व. गुलाबचंद कासलीवाल की स्मृति में साक्षी सिद्धार्थ तिरपुढे,स्व.श्रीमंती आनंदीदेवी सूरजमल अग्रवाल की स्मृति में रोहित रामेश्वर बिसेन को मैडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया द्य इसी प्रकार कक्षा आठवीं और पांचवी की शासन द्वारा ली जाने स्कॉलरशिप परीक्षा में प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तुषार विजय टेभरे ,कु. जानवी किशोर मोटघरे, कु.अदिति मनोज कुरील,तथा कु. तेजस्वी खानोरकर का भी सत्कार किया गया। कार्यक्रम में विद्यर्थियो को संबोधित करते हुए गोपालदास अग्रवाल ने श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल जिसे आरम्भ हुए 114 वर्ष पूर्ण हो चुके है।यही हुई उनकी पढ़ाई के बारे में बताया और विद्यालय और अधिक प्रगति करें ऐसी शुभकामनाएं दी।

संस्था अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल द्वारा विद्यर्थियो को देश के प्रति उनकी जवाबदरियों के संबंध में जानकारी दी।ऐसे ही गौ सेवा मानव सेवा के जैसे ही पुनीत कर्तव्य है, शासन जिस प्रकार सभी को भोजन मिले ऐसी व्यवस्था करता है उसी प्रकार गौ माता को भी उसका दाना मिल सके ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।ऐसे वक्तत्व कहे।

संस्था सचिव प्रकाशचंद कोठारी द्वारा विद्यार्थियों को देश की संस्कृति और विरासत को संजोकर रखना हम सभी देशवासियों का प्रथम कर्तव्य है द्यहमें सदा देश को सर्वोपरी मानकर जितना भी हो सके उस प्रकार देश की सेवा करनी जैसे,अन्न को झुठा ना छोड़कर,रक्तदान कर,वृक्षारोपण कर इत्यादि द्य इस अवसर पर विद्यार्थीयो द्वारा रंगारंग देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा देशभक्ति गीतों का गायन, व कैसा हो मेरा देश इस विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखें ।

कार्यक्रम में विशेष रुप से संस्था उपाध्यक्ष सुरेशकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, श्रीनिवास मूंदड़ा, राजेश अग्रवाल अशोक अग्रवाल(श्यामबाबा), गणेशप्रसाद इसरका, सुरेश लोहिया , अजय खंडेलवाल,शंकरलाल अग्रवाल , मुकेश कासलीवाल, विजय लाटा, सुशील लोहिया, प्रकाश अग्रवाल राजेश अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, अनूप अग्रवाल, अभिजीत सोनी, चंचल अग्रवाल,श्रीमती यु एस एस राव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय शामका,पंकज शर्मा, श्रीमती शारदा पांडे, श्रीमती विजयलक्ष्मी गर्ग, श्रीमती विनाताई सहारे , योगेश सेवाईवार , जगन्नाथ टोंगे, जितेंद्र बिसेन, दिनेश लाटा, संतोष श्रीवास व सर्व शिक्षकगण उपस्थित थे द्य मंच संचालन श्रीमती प्रगति रूद्रकार तथा श्रीमती अपेक्षा पुरोहित ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापक अभिषेक अग्रवाल ने किया ।

## जनपद पंचायत किरनापुर में ध्वजारोहण

**बुलंद बालाघाट।** बालाघाट जिले के जनपद किरनापुर में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भुवन सिंह राहंगडाले, नेता प्रतिपक्ष मुकेश चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती श्रुति चौधरी व समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे।



## विधायक हिना कावरे ने किया ध्वजारोहण

**बुलंद गोंदिया।( बुलंद बालाघाट )**- बालाघाट जिले के किरनापुर तहसील में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधायक सुश्री हिना लिखीरामजी कावरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय वह ग्राम के नागरिकों को 77 वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंच पर पूर्व विधायक पुष्पलता कावरे, मुकेश जोशी, पवन कावरे, सरपंच किरनापुर भीमटे जी वह विशाल जनसमुदाय उपस्थित था



## विधायक प्रदीप जायसवाल ने किया ध्वजारोहण

**बुलंद बालाघाट।** बालाघाट जिले के वारासिवनी तहसील में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर विधायक व माइनिंग निगम मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप (गुड्डा) जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थी व ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## हश टॅग हुक्का पार्लर पर छापामार कार्यवाही 3 आरोपी गिरफ्तार

**बुलंद गोंदिया।** रामनगर पुलिस थानांतर्गत रेलटोली परिसर में कैफे के नाम पर अवैध रूप से चल रहा हुक्का पार्लर पर छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 3 आरोपियो को गिरफ्तार कर रामनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों में रामनगर निवासी रिचर्ड प्रदीप फ्रांसिस (28), गणेश नगर निवासी आदर्श अनिल विश्वकर्मा (22) व नागपुर जरीपटका निवासी फिलिप बब्बु संतीयागो (21) का समावेश है। इस संदर्भ में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रामनगर थाने के पुलिस निरीक्षक संदेश केंजले को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रेलटोली परिसर में कैफे के नाम पर हुक्का पार्लर चलाया जा रहा है। जिसका नाम हश टॅग कैफे बताया गया। जानकारी पर विश्वास रखते हुए पुलिस टीम ने इस कैफे पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें उपरोक्त तीनो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तंबाकूजन्य पदार्थ, हुक्का पॉट, पाईप तथा नगद राशि जब्त की गई है। तीनो आरोपियों के खिलाफ रामनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक बनकर, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनिल ताजने के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक संदेश केंजले, सहायक पुलिस निरीक्षक राजु बस्तवाडे, पुलिस उपनिरीक्षक सुनिल सोनवने,



पुलिस हवलदार सुनिलसिंह चौहान, पुलिस हवलदार जावेद पठान, माने, दारासिंग पटेल, राहुल वनवे ने की है।

## पिकनिक मनाने गए सिद्धिविनायक कोचिंग के तीन शिक्षकों की डूबने से मौत छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में हुआ हादसा

**बुलंद गोंदिया।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी के अवसर पर पिकनिक मनाने गए गोंदिया की सिद्धि विनायक कोचिंग के तीन शिक्षकों की राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना अंतर्गत आने वाले मनगटा ग्राम में पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई उपरोक्त घटना 15 अगस्त की दोपहर की बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया के सिद्धि विनायक कोचिंग सेंटर में शिक्षक के रूप में नागपुर, भिलाई वह उत्तर प्रदेश के शिक्षक पढ़ने का कार्य करते थे। जिसमें चार शिक्षक 15 अगस्त के अवसर पर पिकनिक मनाने के लिए छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना अंतर्गत ग्राम मनगटा में गए थे। इसी दौरान नहाने के लिए पानी के एक गड्ढे में उतरे जिसमें डूब कर तीन शिक्षकों की मौत हो गई। मृतकों में एन मिश्रा भिलाई निवासी, अरविंद उत्तर प्रदेश व अतुल कडू नागपुर निवासी का समावेश है। उपरोक्त घटना की जानकारी



पुलिस को प्राप्त होते ही आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से मृतकों के शव को निकाल कर शासकीय चिकित्सालय में शव विच्छेदन करवाकर मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई।

## नक्सलियों के बढ़ते मंसूबे, रिहायशी इलाकों में लगाएं बैनर

## मणिपुर में महिलाओं पर हुये हिंसा और बलात्कार की घटना का किया विरोध



**बुलंद गोंदिया।( लांजी बालाघाट )**- लांजी जो कि अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र है जहां पर नक्सली समय समय पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाते ही रहते विगत दिनों जहां किरनापुर थाना अन्तर्गत नक्सलियों ने बैनर पोस्टर एवं पर्चे फेंक नक्सलियों को श्रृद्धांजलि दी थी वहीं अब 12 अगस्त को सुबह करीब 4 से 5 बजे अज्ञात नक्सलियों भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी माओवादी महाराष्ट्र मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ जोनल कमेटी के के द्वारा लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत पौनी के आवासीय क्षेत्र में बैनर पोस्टर एवं पर्चे फेंके गये है साथ ही एक पर्चे में नक्सलियो के प्रवक्ता अनंत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जिसमे उन्होनें मणिपुर में महिलाओं पर हुये हिंसा और बलात्कार की घटना की घोर निंदा करों। नरेन्द्र मोदी सरकार के विरोध में अनेको बातें प्रेस विज्ञप्ति में लिखी गई है। सामंतवादी मनुवादी सरकारें और शोषण उत्पीडन् पर आधारित व्यवस्था में महिलाओं के लिये इज्जत सम्मान और आत्मगौरव की जिंदगी की उम्मीद रखना बेईमानी है। यह सभी बातें नक्सलियों ने बैनर, पोस्टर और पर्चो में लिखी है। आवासीय क्षेत्र मे बांधे बैनर पोस्टर- लांजी क्षेत्र के अनेको नक्सल प्रभावित ईलाको मे नक्सली अपनी उपस्थिती दर्ज करवाते ही रहते है घने जंगलो के से घीरे ग्रामो में खासकर नक्सलियों की दस्तक दिखाई देती है। लेकिन यह दुसरी बार है जब नक्सलियों ने ग्राम पौनी के रिहायशी आवासीय ईलाको तक पंहुचकर बैनर पोस्टर लगाये है। ग्राम पौनी के कुछ ग्रामीणो ने बताया कि सुबह शौच के दौरान जाते समय लाल रंग का बैनर और कागज के पोस्टर पर्चे दिखे थे। सुबह 5 से 6 बजे हम लोगो ने यह बैनर पोस्टर देखे है। लेकिन किसने लगाया कब लगाया इस बाबत कोई जानकारी नही है

## खोडकीट एवं मक्खी नियंत्रण पर कृषि विभाग की सलाह

**बुलंद गोंदिया।** जिले में 1 जुलाई 2023 से खरीफ मौसम के लिए फसल कीट रोग सर्वेक्षण एवं सलाहकार परियोजना (क्रॉपसैप) प्रारंभ की गई है तथा 30 नवंबर 2023 तक किसानों के खेतों में जाकर धान की फसल का नियमित सर्वेक्षण किया जाता है। कृषि विभाग की सभी क्षेत्रीय प्रणालियों के माध्यम से गाँव-गाँव। यदि किसी बच्चे की बीमारी के प्रकोप का पता चलता है, तो किसान को तुरंत उस बीमारी के नियंत्रण के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है। क्षेत्रीय प्रणाली के माध्यम से किसानों के खेतों में किए गए नियमित सर्वेक्षण में, गोंदिया तालुक में आर्थिक क्षति स्तर से ऊपर घुन का संक्रमण और थोड़ी मात्रा में गैडफ्लाई संक्रमण का पता



चला है। हालाँकि, किसानों को इस संबंध में निम्नलिखित उपाय करने चाहिए।भुनगा प्रबंधन- खेत में 5 प्रतिशत भुनगा संक्रमित पौधे दिखाई देते ही क्विनॉलफॉस 32 मि.ली. या ट्राइजोफॉस 25 मि.ली. इसे 10 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या परजीवी कीट ट्राइकोगामा जपोनिकम को 50,000 हेक्टेयर की दर से सात दिन के अंतराल पर चार बार छोड़ें। मिज का प्रबंधन- जैसे ही खेत में चुड का 2.5 प्रतिशत प्रकोप दिखाई दे, कार्बोफ्यूरॉन ग्रेनुलर 10 किग्रा हेक्टेयर की दर से तथा क्यूनोल्फॉस 32 मि.ली. या ट्राइजोफॉस 25 मि.ली. प्रति 10 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसकी जानकारी गोंदिया के जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी ने दी है।

## केंद्र सरकार पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**बुलंद गोंदिया।** केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल शक्ति पुरस्कार एवं बाल कल्याण पुरस्कार दिये जाते हैं। इस पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं तथा जिला महिला बाल कल्याण अधिकारी तुषार पौनिकर ने 31 अगस्त तक आवेदन करने की अपील की है।

**बाल शक्ति पुरस्कार-** वे बच्चे (5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष तक के) जिन्होंने शिक्षा, कला, सांस्कृतिक कार्य, खेल, नवाचार, सामाजिक कार्य और बहादुरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

**बाल कल्याण पुरस्कार** - व्यक्तिगत पुरस्कार- यह पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने बिना किसी वेतन या मानदेय के बच्चों के विकास, संरक्षण और कल्याण के क्षेत्र में कम से कम 7 वर्षों तक काम किया हो।

**संगठनात्मक स्तर-** यह पुरस्कार उस संगठन को दिया जाता है जिसने बाल कल्याण के क्षेत्र में असाधारण कार्य किया हो। समग्र रूप से संगठन सरकारी फंडिंग पर निर्भर नहीं रहना चाहिए. बाल कल्याण के क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों की निरंतर उत्कृष्टता होनी चाहिए। केंद्र सरकार ने बाल शक्ति पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उक्त आवेदन वेबसाइट www.awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। उक्त पुरस्कारों के बारे में विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 है। साथ ही ऑनलाइन आवेदन पत्र और जिला महिला एवं बाल के आवश्यक संपूर्ण दस्तावेजों की एक प्रति विकास अधिकारी कार्यालय, नवीन प्रशासनिक भवन, तीसरी मंजिल, कक्ष क्रमांक-36, जयस्तंभ चौक, गोंदिया में जमा किया जाना है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।